भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
IIT
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

हिन्दुस्तान

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 28.12.2018

समारोह में 1191 मेधावी छात्रों को दी जाएगी उपाधि, दीक्षांत में पहली बार दिया जाएगा प्रेसीडेंट्स गोल्ड मेडल

आईआईटी के दीक्षांत में 50 छात्रों को 76 गोल्ड

वाराणसी | निज संवाददाता

आईआईटी बीएचयू के सातवें दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को स्वतंत्रता भवन में होगा। मुख्य अतिथि सचिव रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग व डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी मेधावियों को गोल्ड मेडल देंगे। इस बार विभिन्न विभागों में सर्वाधिक अंक पाने वाले 51 होनहारों को 76 मेडल दिया जाएगा।

इसके अलावा 1191 विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान की जाएगी। जिसमें 655 बीटेक/बीफार्मा, 201 आईडीडी, 215 एमटेक/एमफार्मा और 120 शोध छात्र शामिल होंगे। बीटेक/बीफार्मा में 17 छात्रों को 43, आईडीडी/आईएमडी में 14 छात्रों को 14 और एमटेक/एम. फार्मा में 17 छात्रों को 19 स्वर्ण पदक दिये जाएंगे। इसके अलावा दो छात्रों को रजत पदक से सम्मानित किया जाएगा। गोल्ड मेडल पाने वाले 50 विद्यार्थियों में इस बार 16 छात्राओं को स्वर्ण पदक तथा एक छात्रा को सिल्वर मेडल दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह में तकरीबन 120 शोधार्थियों को डिग्री दी जाएगी। इस आयोजन में देश के कई शैक्षणिक संस्थाओं और विश्वविद्यालयों से शिक्षक और अधिकारियों के साथ आईआईटी बीएचयू के सैकड़ों पुरातन छात्र जुटेंगे। दीक्षांत का पूर्वाभ्यास शुक्रवार को स्वतंत्रता भवन में होगा।

सातवां समारोह

- स्वतंत्रता भवन में आयोजित किया जाएगा आयोजन
- डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. जी सतीश रेड्डी होंगे मुख्य अतिथि

16 छात्राएं शामिल हैं 50 गोल्ड मेडल पाने वालों की लिस्ट में

01 छात्रा को दिया जाएगा सिल्वर मेडल, जुटेंगे सैकड़ों पुरा छात्र

समारोह के हीरो

आईआईटी बीएचयू दीक्षांत के हीरो होंगे रामपाल

वाराणसी। आईआईटी इलेक्ट्रानिक्स इंजीनीयरिंग विभाग के रामपाल सिंह दीक्षांत समारोह के हीरों होंगे। इलेक्ट्रानिक इंजीनीयरिंग से बीटेक में गोल्ड मेडल पाने वाले रामपाल को 9.80 सीपीआई मिला है। इस बार से शुरू प्रतिष्ठित प्रेसीडेंट गोल्ड मेडल शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करन के लिए दिया जाएगा। रामपाल को आईआईटी बीएचयू वाराणसी गोल्ड मेडल के साथ कुल 10 गोल्ड, एक सिल्वर तथा तीन पुरस्कार संग कुल 14 अवार्ड दिया जाएगा। रामगोपाल को सर्वोत्तम प्रदर्शन करने पर 20 ए स्टार मिला है। रामपाल सिंह का जन्म पांच जनवरी 1997 को बलिया में हुआ। 2014 में मेटलर्जिकल इंजीनियिरंग में बीटेक में प्रवेश लिया था। बाद में इन्होंने इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बीटेक परिवर्तित करा लिया। रामपाल ने ताइक्वांडो में भी कई पदक हासिल किया है।

14 मेडल दिए जाएंगे, सर्वोत्तम प्रदर्शन पर मिला है 20ए का स्टार

महाराष्ट्र के आमोद हेगड़े को डायरेक्टर्स अवार्ड

2017 में इंटर आईआईटी स्पोर्ट्स मीट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी थे आमोद हेगड़े

वाराणसी। आईआईटी बीएचयू के दीक्षांत में बीटेक स्तर पर शैक्षणिक के साथ ही खेल व सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और संगठनात्मक व नेतृत्व क्षमता प्रदर्शित करने के लिए आमोद हेगड़े को डायरेक्टरर्स स्वर्ण पदक से नवाजा जाएगा। आमोद का जन्म 25 दिसंबर 1996 को अंधेरी मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ। 2014 में बीटेक पाठ्यक्रम में इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। बीटेक में 9.39 सीपीआई प्राप्त किया। इनके परियोजना कार्य का शोध पत्र 'ट्रांजेक्शन ऑन वायरलेस कम्यूनिकेशन' विषय पर सम्मानित पत्रिका 'आईईईई' में प्रकाशित हुआ है। हेगड़े ने विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिता में संस्थान के लिए पुरस्कार प्राप्त किया है। आमोद संस्थान के वॉलीबाल टीम के कमान रहे। इस टीम ने इंटर आईआईटी स्पोर्ट्स मीट 2016 में रजत पदक जीता था।

मुख्य अतिथि इन्हें देंगे गोल्ड मेडल

आईआईटी बीएचयू के सातवें दीक्षांत समारोह में गोल्ड मेडल पाने वालों में अनुभा जोशी, भावना वर्मा, शैलेन्द्र कुमार सिंह, शुभी गुप्ता, राहुल वर्मा, आकृति वर्मा, प्रियंका कुमारी, जेबी मजुमदार, सुचित पाण्डेय, कृष्णकांत दुबे, अरूण चंड, संदीप, बीके बधान, गीतम सिंह, जय सिंह, अमिताभ कुमार सिंह, स्मृति गुप्ता, नमन कात्याल, अभिनव गुप्ता, मंजू कुमार सिंह, कार्तिकिय गुप्ता, अभिनव, लक्ष्य नरूला, एकके अब्बास, कार्तिक मनचंदा, असीम गोसानी, इशिता व्यास, कार्तिक आहुजा, वर्णीता वाजपेयी, आभाष शिखर, जूही सिंह, वीरेंद्र त्यागी, मानस सिन्हा, प्रखर डोरवार, तान्या मौर्या, अमन गुप्ता, श्रेया पाण्डेय, शुभम चौधरी, इशा अग्रवाल, अंकुश बंसल, राशि चंदोला, रामपाल सिंह, मीनल बहती, टीपी परास, सृष्टि शुक्ला, अनीता गुप्ता, स्वाति राय, धीरज कुमार महतो, मोती गुप्ता, रजनीश कुमार तथा आकाश चौरसिया शामिल होंगे।